**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2095**
**दिनांक 12 फरवरी, 2026**

**गेल (इंडिया) लिमिटेड की प्रमुख परियोजनाओं में लागत वृद्धि और विलंब**

2095. **श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषादः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विशेषकर मुंबई-नागपुर-झारसुगुडा (एमएनजेपीएल) पाइपलाइन, श्रीकाकुलम-अंगुल पाइपलाइन और महाराष्ट्र के उसर स्थित पेट्रोकेमिकल परियोजना के संदर्भ में गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही प्रमुख परियोजनाओं की मूल रूप से स्वीकृत समापन तिथियों और संशोधित लक्ष्य तिथियों सहित उनके नाम क्या हैं;

(ख) उक्त प्रत्येक परियोजना के संबंध में मूल रूप से स्वीकृत लागत, वर्तमान संशोधित लागत और लागत वृद्धि का प्रतिशत क्या है;

(ग) परियोजनाओं में देरी के प्रमुख कारणों जैसे वन और पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियां, मार्ग के अधिकार संबंधी विनियामक अनुमोदन, ठेकेदारों का खराब प्रदर्शन या अन्य कारणों का परियोजनावार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या देरी के कारण ठेकेदारों को समय विस्तार दिया गया है और यदि हां, तो परिसमापन क्षतिपूर्ति, कार्य-निष्पादन बैंक गारंटी की जब्ती या की गई किसी अन्य दंडात्मक कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या देरी और लागत वृद्धि के लिए जवाबदेही तय की गई है; और

(च) क्या भविष्य में उक्त परियोजनाओं के समय पर निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए कोई निगरानी और शास्ति या प्रोत्साहन तंत्र लागू किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (च) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के परियोजना निगरानी पोर्टल (परियोजना) के अनुसार, गेल (इंडिया) लिमिटेड 500 करोड़ रुपए और उससे अधिक लागत की 10 परियोजनाएं क्रियान्वित कर रही है, जिनकी मूल परियोजना लागत 29,054 करोड़ रुपए है। इन प्रमुख परियोजनाओं में से 7 परियोजनाओं में समय और लागत दोनों बढ़ रहे हैं और 3 परियोजनाएं निर्धारित समय से चल रही हैं। मुम्बई-नागपुर-झारसुगुड़ा (एमएनजेपीएल) पाइपलाइन, श्रीकाकुलम-अंगुल पाइपलाइन और महाराष्ट्र के उसार में पेट्रोरसायन परियोजना सहित सभी 10 परियोजनाओं के संबंध में मूल रूप से अनुमोदित पूर्णता तिथि, संशोधित लक्ष्य तिथि, मूल रूप से स्वीकृत लागत,

वर्तमान संशोधित लागत, लागत वृद्धि का प्रतिशत और कारणों के साथ परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

गेल सिर्फ़ काम जारी रखने और परियोजना की प्रगति में रुकावट से बचने के लिए अनंतिम रुप से समय को विस्तारित (पीटीई) करता है। ऐसे विस्तारण देरी के आखिरी निर्णय पर बिना किसी पूर्वाग्रह के दिए जाते हैं और इससे संविदाकार अपनी ज़िम्मेदारी से बच नहीं जाता। संविदा बंद होने के समय पूरी तरह से विश्लेषण करने के लिए गेल के पास एक मज़बूत संविदा और अधिप्राप्ति ढाँचा है। यह प्रणाली देरी के कारण का सही आकलन सुनिश्चित करता है, जिसमें विधिक अनुमति और संस्वीकृति में देरी, साइट की -विशिष्ट रुकावटें और संविदाकार का निष्पादन जैसे नियंत्रण किए जा सकने वाले और नियंत्रण न किए जा सकने वाले, दोनों तरह के घटक शामिल हैं। यह मूल्यांकन पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और संविदा की ईमानदारी बनाए रखने के लिए अपेक्षित नियत प्रक्रिया और अनुपालन के अनुसार किया जाता है। संविदा ढांचे में सही संविदा उपायों को लागू करने के प्रावधान भी शामिल हैं, जिसमें लिक्विडेटेड डैमेज लगाना, निष्पादन से जुड़ा दण्ड और संविदा-सह-निष्पादन बैंक गारंटी को ज़ब्त करना शामिल है। इन संविदा प्रावधानों के आधार पर, गेल ने परियोजना जीवनचक्र के दौरान अलग-अलग परियोजनाओं में अलग-अलग संविदाकारों पर लगभग 124 करोड़ रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया है।

*****

अनुलग्नक

"गेल (इंडिया) लिमिटेड की प्रमुख परियोजनाओं में लागत वृद्धि और विलंब" के बारे में दिनाँक 12.02.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2095 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| क्र.सं. | परियोजना विवरण | पूरा होने की मूल तिथि | पूरा होने की संशोधित तिथि | मूल लागत (करोड़) | संशोधित लागत (करोड़) | लागत वृद्धि (%) | देरी का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 500 केटीए पीडीएच-पीपी परियोजना, उसार, महाराष्ट्र | अप्रैल 25 | जून 26 | 8797 | 11256 | 28 | संविदा से जुड़े मुद्दे, आरओयू से जुड़े मुद्दे |
| 2 | मुंबई नागपुर झारसुगुड़ा पाइपलाइन परियोजना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ | मई 23 | फ़रवरी '26 | 7844 | 8255 | 5 | भूमि अधिग्रहण, वन और वन्यजीव मंजूरी, आरओडब्ल्यू और आरओयू मुद्दे |
| 3 | कोच्चि – कूट्टनद – बेंगलुरु – मंगलुरु पाइपलाइन परियोजना चरण- II, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु | दिसंबर 2012 | मार्च 26 | 2915 | 5909 | 103 | आरओडब्ल्यू और आरओयू मुद्दे, भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी, जल निकाय पार करना |
| 4 | श्रीकाकुलम अंगुल गैस पाइपलाइन परियोजना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा | जुलाई 2022 | जून 26 | 2658 | 2810 | 6 | आरओयू मुद्दे, वन मंजूरी |
| 5 | सी2/सी3 विजयपुर पाटा पाइपलाइन, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश | जनवरी 27 | जनवरी 27 | 1792 | 1792 | 0 | लागू नहीं |
| 6 | दुर्गापुर हल्दिया पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल परियोजना की धारा 3ख), पश्चिम बंगाल | दिसंबर 2020 | मार्च 26 | 1740 | 2493 | 43 | आरओयू मुद्दे, मत्स्य पालन मुद्दे |
| 7 | धामरा हल्दिया पाइपलाइन परियोजना, ओडिशा और पश्चिम बंगाल | नवंबर 2022 | मार्च 26 | 1031 | 1125 | 9 | आरओयू मुद्दे, मत्स्य पालन मुद्दे |
| 8 | पीपी परियोजना पाता, उत्तर प्रदेश | जनवरी 24 | दिसंबर 26 | 910 | 1299 | 43 | संविदात्मक मुद्दे |
| 9 | डीयूपीएल-डीपीपीएल पाइपलाइन का विस्तार, महाराष्ट्र | मार्च 28 | मार्च 28 | 844 | 844 | 0 | लागू नहीं |
| 10 | गुरदासपुर जम्मू पाइपलाइन, जम्मू और कश्मीर (यूटी) और पंजाब | जुलाई 26 | जुलाई 26 | 522 | 522 | 0 | लागू नहीं |